# प्रेस विज्ञप्ति

## 11.11.2025 – अखिल भारतीय




## अखिल भारतीय एलआईसी गेम्स

भारतीय जीवन बीमा निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक श्री आर. दुरैस्वामी ने आज भुवनेश्वर स्थित केआईआईटी परिसर में अखिल भारतीय एलआईसी गेम्स, 2025 का उद्घाटन किया। भारतीय जीवन बीमा निगम का यह वार्षिक खेल उत्सव, जो चार दिनों तक चलेगा, छह खेलों - कैरम, शतरंज, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, वॉलीबॉल और एथलेटिक्स - में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर श्री सलिल विश्वनाथ, कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन विकास एवं प्रशिक्षण), श्री प्रदीप शेणै, कार्यकारी निदेशक (निगमित सम्प्रेषण), सुश्री रश्मि सिंह, कार्यकारी निदेशक (कार्मिक), श्री प्रेमेन्द्र हरि, क्षेत्रीय प्रबंधक, पूर्व मध्य क्षेत्र और श्री श्यामल के. मोहंती, वरिष्ठ मंडल प्रबंधक, भुवनेश्वर मंडल भी उपस्थित थे।

खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए श्री दुरैस्वामी ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा के बारे में नहीं हैं, बल्कि यह चरित्र निर्माण का माध्यम भी हैं। उन्होंने यह भी जोर देकर कहा कि खिलाड़ियों को उत्साह, निष्पक्ष खेल भावना और अपनी पूरी क्षमता के साथ खेल में भाग लेना चाहिए। उद्घाटन समारोह की शुरुआत खिलाड़ियों द्वारा मार्च पास्ट के साथ हुई, जिसके बाद कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक, श्री आर. दुरैस्वामी ने ध्वजारोहण किया और औपचारिक रूप से अखिल भारतीय एलआईसी गेम्स का शुभारंभ किया। निगम के आठ क्षेत्रों के लगभग 382 खिलाड़ी इन गेम्स में भाग लेंगे।

अखिल भारतीय एलआईसी गेम्स का 14 नवंबर, 2025 को मुख्य अतिथि, भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबंध निदेशक, श्री सत पाल भानू के द्वारा समापन किया जाएगा।

दिनांक - 11 नवंबर, 2025 को मुंबई में।
अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: कार्यकारी निदेशक (निगमित सम्प्रेषण) भारतीय जीवन बीमा निगम, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई। ईमेल आईडी: ed_cc@licindia.com
www.licindia.in पर जाएँ।

---

हमारा मानना है कि इस विज्ञप्ति में निहित समाचार आपके पाठकों के लिए मूल्यवान हैं। यद्यपि हम इसे यथासम्भव प्रकाशित करने के लिए आपका आभार व्यक्त करते हैं, तथापि हम यह भी स्वीकार करते हैं कि ऐसा करने का निर्णय पूर्णतः आपका है।